आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.02.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में कैनों सलालम प्रतियोगिता में उत्तराखंड की रीना सेन ने स्वर्ण पदक हासिल किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।
- वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा– उत्तराखंड का बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगा।
- राजभवन देहरादून में जल्द ही बटरफ्लाई गार्डन बनकर तैयार होगा।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों में आज उत्तराखंड ने दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। ऋषिकेश के समीप फूलचट्टी में आयोजित वाटर स्पोर्ट्स में कैनों सलालम प्रतियोगिता में उत्तराखंड की रीना सेन ने महिला ओपन के सिंगल्स में स्वर्ण पदक हासिल किया है। वहीं, बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्तराखंड को आज दो रजत पदक मिले। देहरादून में परेड ग्राउंड के मल्टी पर्पज हॉल में खेले गए पुरुष सिंगल फाइनल में सूर्याक्ष रावत को तमिलनाडु के सतीश कुमार से कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला डबल्स मुकाबले के फाइनल में भी उत्तराखंड टीम को सीधे सेट में हार मिली, और आन्य बिष्ट तथा ऐंजल पुनेरा की जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस प्रतिस्पर्धा में कर्नाटक ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, कांस्य पदक, उत्तराखंड की गायत्री रावत और मनसा रावत तथा तमिलनाडु की अरुल बाला आर. और वर्षिनी वी.एस ने साझा किया।

इस बीच, फुटबॉल में उत्तराखंड की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोवा को 4–1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

मुख्यमंत्री राष्ट्रीय खेल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भोजन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को भोजन परोसा और खिलाड़ियों के साथ भोजन भी किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका हौंसला भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों की अच्छी शुरुआत हुई है और राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी खिलाड़ी देवभूमि उत्तराखंड से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। श्री धामी ने कहा कि खिलाड़ियों और आगंतुकों को हर संभव सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर राज्य के खिलाड़ियों को वहां के खानपान के हिसाब से भोजन व्यवस्था देने के प्रयास किए गए हैं।

भारतीय मानक ब्यूरो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि भारतीय मानक ब्यूरो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज देहरादून में आयोजित मानक कार्निवल में मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च मानक को तैयार कर भारत, वैश्विक मापदंडों में खरा उतर रहा है और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर

रहा है। आईएसआई मार्क एक विश्वसनीयता का चिह्न बन चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मानक मेले में आए सभी विद्यार्थियों और लोगों को मानक शपथ भी दिलाई।
भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय मानक निकाय के तौर पर बीआईएस लगातार राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे रहा है।

प्रधानमंत्री निमंत्रण

चारधाम संयुक्त संरक्षण समिति, उत्तराखंड के तत्वावधान में चारधाम के तीर्थपुरोहित व हितधारकों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की और उन्हें चारधाम आने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारधाम में शीतकालीन यात्रा और आगामी यात्रा को लेकर समिति के सदस्यों से बातचीत की। साथ ही  स्वरोजगार और वोकल फॉर लोकल पर जोर दिया। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने चारधाम में मूलभूत सुविधाएं विकसित करवाने के लिए हर स्तर पर किए जा रहे प्रयासों और सुझावों पर चर्चा की।

उत्तराखंड बजट

प्रदेश के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि इस बार उत्तराखंड का बजट, केंद्रीय बजट के अनुरूप रहेगा। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में हितधारकों और जनता के महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित करते हुए प्रावधान किए जाएंगे।

बटरफ्लाई गार्डन

प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से भरपूर राजभवन देहरादून में जल्द ही बटरफ्लाई गार्डन बनकर तैयार हो जाएगा। यह गार्डन आगंतुकों को तितलियों के रंग–बिरंगे संसार को देखने के साथ–साथ उनके संरक्षण को भी बढ़ावा देगा। इस संबंध में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन और वन विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। प्रमुख वन संरक्षक ने बताया कि गार्डन की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि गार्डन में तितलियों के लिए उपयुक्त स्थानीय पौधे लगाए जाएंगे, जो तितलियों को आकर्षित करते हैं। यह उनके जीवन चक्र को पोषित करने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में तितलियों की पांच सौ से अधिक प्रजातियां पायी जाती हैं, जो यहां की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की विविध जलवायु और प्राकृतिक संपदा इसे तितलियों के लिए उपयुक्त स्थान बनाती है। राजभवन परिसर में पहले से ही विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधे और पुष्प वाटिकाएँ मौजूद हैं, जो तितलियों और पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बटरफ्लाई गार्डन से जैव विविधता को और बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में बागेश्वर में विकास भवन परिसर से जन जागरुकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले की बेटियों के लिए मेरा सपना मेरा लक्ष्य कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।

## नियुक्ति पत्र वितरण

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज वर्चुअल माध्यम से चमोली जिले की 28 एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने सभी चयनित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई दी और उम्मीद जताई कि सभी एएनएम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का पालन कर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण में सहयोग करेंगे।